CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 164 ▫ रायपुर, मंगलवार 7 जुलाई 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### इंडोनेशिया में पीएम को सर्वोच्च सम्मानः अब तक 30 से अधिक देशों में मिल चुके हैं मेडल



**नई दिल्ली, 7 जुलाई ( न्यूज चैनल )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'बिंतांग आदिपूर्णा' से सम्मानित किया। यह सम्मान भारत और इंडोनेशिया के मजबूत होते रणनीतिक और कूटनीतिक रिश्तों का प्रतीक माना जा रहा है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी उन विश्व नेताओं में शामिल हो गए हैं, जिन्हें 30 से अधिक देशों ने अपने सर्वोच्च या प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा है। सम्मान मिलने के बाद प्रधानमंत्री ने इसे अपना नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों का सम्मान बताया। प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में इंडोनेशिया पहुंचे हैं। जकार्ता में राष्ट्रपति भवन इस्ताना मर्देका में उनका भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने औपचारिक समारोह में उन्हें बिंतांग आदिपूर्णा सम्मान प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति भवन के अतिथि पुस्तिका पर हस्ताक्षर भी किए। उन्होंने सोशल मीडिया पर स्वागत के लिए इंडोनेशिया का आभार जताते हुए लिखा कि इस्ताना मर्देका में मिले गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए धन्यवाद।

### सीजेपी को हाईकोर्ट से राहतः एक्स हैंडल पर बैन हटेगा

**नई दिल्ली, 7 जुलाई ( न्यूज चैनल )।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोशल मीडिया पर शुरू हुई मुहिम 'कॉकरोच जनता पार्टी' के एक्स हैंडल को बहाल करने का आदेश दिया है। मंगलवार



को पारित अपने फैसले में कोर्ट ने केंद्र सरकार के अकाउंट ब्लॉक करने के आदेश को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने केंद्र के अवरोधक आदेश के खिलाफ कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके द्वारा दायर याचिका पर यह फैसला सुनाया। सुनवाई के दौरान, सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेजों में भर्ती के लिए होने वाली परीक्षा नीट के दोबारा आयोजन से पहले अराजकता से बचने के लिए यह अकाउंट ब्लॉक किया गया था। सरकार का तर्क था कि ऐसे अकाउंट से गलत सूचना फैल सकती है, जिससे सार्वजनिक व्यवस्था बिगड़ सकती है। उच्च न्यायालय ने सरकार के तर्क को खारिज कर दिया।




चूहा- सुनती हो, कॉकरोज जनता पार्टी (CJP) के एक्स हैंडल पर लगा प्रतिबंध हटाने दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को आदेश दिया है।

चुहिया- हां जी, केंद्र सरकार को हमेशा कुर्सी जाने का भय सताया रहता है।

# उफनते नाले में चालक ने खोया कंट्रोल पुल से बही बिजली विभाग की पिकअप

## 3 कर्मचारी ने तैरकर बचाई जान, एक लापता



**बलौदाबाजार, 7 जुलाई ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में लगातार बारिश के बीच सोमवार को बड़ा हादसा हो गया. अचानकपुर क्षेत्र में बिजली सुधार कार्य के लिए बिजली विभाग के कर्मचारी पिकअप में सवार होकर जा रहे थे. इसी दौरान उन्होंने जब उफनते नाले को पार करने की कोशिश की तो वह तेज बहाव की चपेट में आ गए। जानकारी के मुताबिक, घटना करीब रात 2 बजे की है. तीन कर्मचारियों ने किसी तरह तैरकर अपनी जान बचा ली, लेकिन एक कर्मी लापता हो गया. घटना की सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। खोरसी नाला के पुल को पार करते समय तेज बहाव के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका. पिकअप पुल से करीब 800 मीटर दूर तक बह गया. वाहन में मौजूद तीन कर्मचारी ने तैरकर अपनी जान बचा ली. एक कर्मचारी के वाहन में फंसे होने या बह जाने की आशंका जताई जा रही है. उसकी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है।

### लापता कर्मचारी के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

घटना की सूचना मिलते ही नगर सेना, पुलिस और प्रशासन की टीम घटनास्थल पर पहुंच मौजूद है. लापता कर्मचारी और वाहन की तलाश के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है. वहीं पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल पर रेस्क्यू टीम के साथ रस्सी खींचने में मदद की।

### नकटी पर घिरी सरकार की बेचैनी

# मानसून सत्र से पहले आज सीएम हाउस में बड़ा मंथन, जुटेंगे सभी भाजपा विधायक

**रायपुर, 7 जुलाई ( हाईवे चैनल )।** रायपुर के नकटी गांव का बुलडोजर कांड की गूंज इस बार विधानसभा में गूंजने वाली है। कांग्रेस इसकी पूरी तैयारी में है। वहीं 13 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र से पहले, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज शाम 7 बजे नवा रायपुर स्थित अपने निवास पर भाजपा विधायक दल की इमरजेंसी मीटिंग बुलाई है। खबर है कि इस बैठक में न केवल सत्र की रणनीति बनेगी, बल्कि नकटी मामले पर कांग्रेस के तीखे हमलों का जवाब कैसे देना है, इस पर भी मंथन होगा। नकटी गांव में हाल ही में 80 से ज्यादा मकानों को जमींदोज करने के बाद कांग्रेस ने पूरी तरह मोर्चा खोल रखा है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल समेत कांग्रेस के दिग्गज नेता लगातार सरकार को घेर रहे हैं। आलम ये है कि अब तो बीजेपी के अपने सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी इस कार्रवाई पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सरकार के लिए ये दोहरी चुनौती है। एक तरफ विपक्ष का हल्ला-बोल, दूसरी तरफ अपने ही घर में उठते सवाल।

सूत्रों का कहना है कि आज की बैठक में सीएम साय सभी विधायकों को सख्त निर्देश दे सकते हैं। मानसून सत्र महज 5 दिनों का है, जो 17 जुलाई तक चलेगा। वहीं इस मामले में कांग्रेस के पास सरकार को घेरने का पूरा मौका है। कानून-व्यवस्था और विस्थापन का मुद्दा सदन के अंदर सबसे ज्यादा गूंजने वाला है। कांग्रेस ने विस्थापन और पुनर्वास को लेकर सरकार के खिलाफ पुख्ता सबूत जुटाने का दावा किया है। राजनीति इस बैठक से पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार, 6 जुलाई को राज्यपाल रमेन डेका से मुलाकात की थी। इसके बाद भाजपा विधायक दल की बैठक को विधानसभा सत्र की तैयारियों की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। माना जा रहा है कि सरकार सत्र के दौरान विपक्ष के सवालों का प्रभावी तरीके से जवाब देने और अपने एजेंडे को मजबूती से रखने की रणनीति तैयार करेगी।

### विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह से मिले सीएम साय और नेता प्रतिपक्ष महंत



छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 13 जुलाई से शुरू हो रहा है। इसससे पहले राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से स्पीकर हाउस पहुंचकर मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच करीब एक घंटे से अधिक समय तक चर्चा हुई। जानकारी के अनुसार, मुलाकात के दौरान आगामी विधानसभा के मानसून सत्र की तैयारियों और सदन के सुचारु संचालन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्पीकर हाउस से सीधे मंत्रालय के लिए रवाना हो गए। वहीं नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत भी स्पीकर हाउस पहुंचे और विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात की। बैठक के बाद वे स्पीकर हाउस से बाहर निकल गए। इस मुलाकात को सत्र की रणनीति और सदन की कार्यवाही के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### पीएम आवास सूची से नाम कटने पर भड़की कांग्रेस

# कलेक्टर कार्यालय के बाहर जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर सहित कांग्रेसियों ने दिया धरना

## सरकार गरीबों को उनके बुनियादी अधिकारों से वंचित कर रही हैः तारिणी





**धमतरी, 7 जुलाई ( हाईवे चैनल )।** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) को लेकर प्रशासनिक अनियमितताओं और पात्र परिवारों के नाम सूची से हटाए जाने के आरोपों से सियासी पारा गरमा गया है। जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी की अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर के नेतृत्व में आज सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण और कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और कार्यालय के सामने ही धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ उग्र नारेबाजी की और सभी अपात्र घोषित किए गए वास्तविक जरूरतमंदों को तुरंत न्याय देने की मांग की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने राज्य और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा वर्तमान सरकार गरीबों को उनके बुनियादी अधिकारों से वंचित कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकानों की सूची से केवल मामूली तकनीकी कारणों का हवाला देकर बड़ी संख्या में जरूरतमंद और अत्यंत गरीब परिवारों के नाम काट दिए गए हैं। यह गरीबों के साथ क्रूर मजाक और अन्याय है. कुछ पंचायत मे सरपंच उप-सरपंच शासन के नियमों का पालन न कर मनमानी कर रहे हैं. जिस पर जिला प्रशासन का कोई लगाम नही हैं. आज जनदर्शन में जिले के हजारों लोग अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे हैं लेकिन कलेक्टर गायब हैं.

### वास्तविक जरूरतमंदों को न्याय नहीं मिलने पर किया जाएगा उग्र आंदोलन

जानकारी के अनुसार पिछले हफ्ते के जनदर्शन में भी कलेक्टर अनुपस्थित थे. कुरुद विकासखंड के ग्राम मेडरक्का, नरधा, सेमरा सि. जैसे अनेक ग्राम पंचायत मे खुले आम मनमानी चल रहीं हैं जहाँ बड़े और रसूखदार लोगों का नाम आवास की सूची मे दर्ज हैं. संबंधित अधिकारियों से मांग की गई है कि. इस पर जांच किया जाए जांच पूरी होने तक जिन हितग्राहियों का नाम आवास सूची में हैं उन्हें उनके खाते में राशि का आहरण नही किया जाये. संबंधित अधिकारियों ने 15 दिवस के भीतर जांच पूर्ण करने की बात कही है जांच नहीं होने और वास्तविक जरूरतमंदों को न्याय नही मिलने की स्थिति में उग्र आंदोलन किया जाएगा इसकी संपूर्ण जवाबदेही शासन प्रशासन की होगी।

### शत्रुघ्न सिन्हा प्रशांत किशोर के समर्थन में उतरे

**नई दिल्ली, 7 जुलाई ( न्यूज चैनल )।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इसी बीच अभिनेता और तृणमूल कांग्रेस के सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर के समर्थन में खुलकर बयान दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रशांत किशोर के चुनाव मैदान में उतरने को बिहार की राजनीति का बड़ा धमाका बताया है। पटना के पूर्व सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने अपने पोस्ट में लिखा कि सबसे योग्य, दूरदर्शी, विलक्षण बुद्धिजीवी, जन-जन के नेता और हर दृष्टि से सबसे अधिक लोकप्रिय, प्रशंसित एवं चर्चित व्यक्तित्व प्रशांत किशोर ने चुनावी मैदान में उतरकर न केवल बिहार, बल्कि पूरे देश की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है।

# बालोद में धंस गई किसान के खेत की जमीन



**बालोद, 7 जुलाई ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में लगातार 24 घंटे से हो रही बारिश के बाद गुरुर ब्लॉक के ग्राम भानपुरी में एक किसान के खेत की जमीन धंस गई। खेत में करीब 20 फीट चौड़ा और 30 फीट गहरा गड्ढा बन गया है, जो लगातार बढ़ता जा रहा है। इसकी जानकारी सोमवार सुबह खेत पहुंचने पर हुई। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार दिनभर बारिश के बाद सोमवार को सुबह ग्राम भानपुरी निवासी खेलन साहू पिता लेखराम साहू अपने खेत देखने के लिए गया, जहां धान का फसल लगाए खेत में किसान को एक बड़ा गड्ढा नजर आया, जिसके बाद किसान उक्त जगह पर जाकर देखा तो खेत में 20 फीट लंबा चौड़ा व 20 से 25 फीट गहरा गढ़ा हो गया था। लगातार भूस्खलन की वजह से उसका आकार बढ़ता जा रहा है। वही अब किसान को इस साल अपने फसल की चिंता सता रही है। क्षेत्र में ऐसी पहली घटना हुई है कि जमीन अचानक धंस गई हो। अचानक जमीन धंसने के पीछे का क्या कारण है। यह कोई समझ नहीं पा रहा है।

## गुजरात हाई कोर्ट का फैसलाः 38 आतंकियों की फांसी और 11 की उम्रकैद की सजा बरकरार

**नई दिल्ली, 7 जुलाई ( न्यूज चैनल )।** गुजरात हाई कोर्ट ने मंगलवार को एक बेहद ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए साल 2008 के अहमदाबाद सीरियल बम धमाकों के मामले में निचली अदालत के फैसले पर अपनी अंतिम मुहर लगा दी है। अदालत ने इस जघन्य आतंकी हमले के सभी 38 दोषियों की मौत की सजा को बरकरार रखा है। इसके साथ ही मामले में दोषी पाए गए अन्य 11 आतंकवादियों की उम्रकैद की सजा भी जारी रहेगी। हाई कोर्ट ने इस फैसले के जरिए आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस का कड़ा संदेश दिया है। सीरियल ब्लास्ट केस में, गुजरात हाई कोर्ट ने मारे गए 56 लोगों के परिवारों को 10 लाख रुपये और 200 से ज़्यादा घायल पीड़ितों को 1 लाख रुपये का मुआवज़ा देने का भी आदेश दिया। उल्लेखनीय है कि 26 जुलाई 2008 को, अहमदाबाद में लगभग 70 मिनट के अंदर 20 जगहों पर 21 सीरियल बम धमाके हुए, जिससे पूरे शहर में दहशत फैल गई। इस आतंकी हमले में 56 लोगों की मौत हो गई, जबकि धमाकों में 200 से ज़्यादा लोग घायल हो गए। इस्लामिक आतंकी संगठन हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी ने इन हमलों की ज़िम्मेदारी ली थी।

# भाड़म में करंट से हुई तीन मौतों के मामले में हाईकोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान

## संस्था के एमडी और ऊर्जा सचिव से मांगा शपथपत्र



**बिलासपुर, 7 जुलाई ( हाईवे चैनल )।** हाईकोर्ट ने कोटा ब्लॉक के भाड़म गांव में करंट से हुई तीन मौतों के मामले में स्वत- संज्ञान लिया है। मामले में कोर्ट ने सीएसपीडीसीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर और ऊर्जा विभाग के सचिव को शपथपत्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। शपथपत्र में इलेक्ट्रिकल इंफ्रास्ट्रक्चर के निरीक्षण, मेंटेनेंस के मौजूदा फ्रेमवर्क, ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से रोकने के लिए अभी मौजूद सेफगार्ड और लापरवाही के मामलों में जिम्मेदारी तय करने का मैकेनिज्म शामिल होगा। मामले की अगली सुनवाई 23 जुलाई को होगी। मामले की सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डीबी ने कहा कि इलेक्ट्रिक फेंसिंग की वजह से बार-बार होने वाली इंसानी जान के नुकसान को रोकने के लिए एक उचित पॉलिसी बनाने और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी सुरक्षा उपाय अपनाने की जरूरत है।

कोर्ट को ऐसे कई मामले देखने को मिले हैं, जिनमें लोगों ने अपनी फसलों, प्रॉपर्टी या जानवरों को बचाने के लिए अपने खेतों, फार्महाउस, घरों और अन्य संपत्तियों को इलेक्ट्रिक फेंसिंग से घेर रखा है। जो लोग अनजाने में ऐसी इलेक्ट्रिक फेंसिंग के संपर्क में आते हैं, उन्हें अक्सर नुकसान होता है। कोर्ट ने कहा कि बिजली का झटका लगने से कई लोगों की मौत हो जाती है, जिसके कारण जिम्मेदार लोगों के खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज किए जाते हैं। हालांकि, कानून के मुताबिक उचित मामलों में क्रिमिनल केस चलाना जरूरी है, लेकिन ऐसी घटनाओं का बार-बार होना गंभीर चिंता का विषय है और इससे बचाव के असरदार उपायों की जरूरत है। इलेक्ट्रिक फेंसिंग के नतीजे सिर्फ़ इंसानों तक ही सीमित नहीं हैं, कई मामलों में, घरेलू और जंगली जानवर भी ऐसी फेंसिंग के संपर्क में आए हैं, जिससे कीमती जानवरों की जान चली गई है। इसलिए सही बचाव और रेगुलेटरी उपाय अपनाने की ज़रूरत है। कोर्ट ने रजिस्ट्री को निर्देश दिया कि मैनेजिंग डायरेक्टर, छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड रायपुर, छत्तीसगढ़ को इस पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन में आज ही रेस्पोंडेंट के तौर पर शामिल करे।

डीबी ने कहा कि पब्लिक सेफ्टी पक्का करने के लिए पक्के, टाइम-बाउंड उपाय सुझाए जाएं और यह साफ किया जाए कि इस बारे में कोई पूरी पॉलिसी या स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर मौजूद है या नहीं। अगर ऐसी कोई पॉलिसी मौजूद नहीं है, तो वे ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से रोकने के लिए एक सही पॉलिसी बनाने और उसे लागू करने के लिए उठाए जाने वाले कदमों के साथ-साथ एक पक्की टाइमलाइन भी बताएं।

# दुर्ग में घर में घुसकर बुजुर्ग दंपती को धारदार हथियार दिखाकर लूट की वारदात



**दुर्ग-भिलाई, 7 जुलाई ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में घर में घुसकर बदमाश ने बुजुर्ग दंपती को धारदार हथियार दिखाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने मुंह पर कपड़ा बांधकर घर में घुसा और चाकू की नोक पर बुजुर्ग दंपती को धमकाया। इसके बाद वह महिला के गले से सोने का नेकलेस लूटकर मौके से फरार हो गया। वारदात का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें नकाबपोश आरोपी साफ तौर पर नजर आ रहा है। शिकायत के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर 24 घंटे के भीतर आरोपी विभान्शु महोबिया (21) को गिरफ्तार कर लिया, जो कि मध्य प्रदेश के मंडला जिले के रहना वाला है।

जांच में सामने आया कि आरोपी वर्तमान में भिलाई नगर थाना क्षेत्र के हॉस्पिटल सेक्टर स्थित किराए के मकान में रह रहा था। पुलिस ने उसके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक, धारदार हथियार और घटना के समय पहने गए कपड़े भी बरामद कर लिए हैं। मामला नेवई थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक, प्रगति नगर स्थित शुभकामना हाइट्स के फ्लैट नंबर-109 में रहने वाले वी. कुमार (59) ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 4 जुलाई को वे ड्यूटी पर गए हुए थे। इसी दौरान उनके घर में काम करने वाली गिरजा यादव ने फोन कर सूचना दी कि उनके सास-ससुर के घर में अज्ञात युवक घुस आया है। शिकायत के अनुसार, आरोपी ने अपने चेहरे को कपड़े से ढक रखा था। घर में घुसने के बाद उसने बुजुर्ग दंपती को धारदार हथियार दिखाकर धमकाया और सोने-चांदी के जेवर, नकदी की मांग की। इस दौरान वह सोने का एक नेकलेस लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने के बाद नेवई थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

CMYK